उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना / विज्ञप्ति**

## उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023
## अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी / पीएसटी)
## होमगार्ड्स श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट के सम्बन्ध में सूचना का प्रकाशन

संख्या–पीआरपीबी–बी(आरक्षी संवर्ग)48 / 2024 दिनांक–जनवरी, 10 ,2025

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी / पीएसटी) में अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों मे दिनांक **26.12.2024** से प्रारम्भ है।

2– उ0प्र0शासन द्वारा शासनादेश संख्या–1953 / 6–पु–1–2023–01 / 2023, दिनांकित 26.12.2023 से इस भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा को समस्त आवेदनकर्ता / अभ्यर्थियों हेतु विशेष परिस्थिति(कोविड–19 महामारी) के फलस्वरूप अपवाद स्वरूप मात्र एक बार के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष के शिथिलीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त सम्बन्ध में होमगार्ड्स श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा डीवी / पीएसटी में उक्त छूट न मिलने के सम्बन्ध से बोर्ड को अवगत कराया जा रहा है।

3– उक्त शासनादेश के कम में स्पष्ट करना है कि अधिकतम आयु सीमा में छूट होमगार्ड्स श्रेणी के अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध करायी जायेगी और उनकी अधिकतम आयु सीमा सम्बन्धित शासनादेश दिनांकित 25.1.1995 में उल्लिखित 25 वर्ष के स्थान पर 28 वर्ष स्वीकार की जायेगी। होमगार्ड्स (महिला / पुरूष) श्रेणी के अन्तर्गत पात्रता के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.07.1995 से 01.07.2005 के मध्य (दोनों तिथियों को सम्मिलित करते हुए) होना अनिवार्य है।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें।

10.1.2025

**अपर सचिव, भर्ती,**
**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**